-प्रेस नोट-

दिनांक 28.10.2025

# थाना सदर बाजार एवं सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मात्र 12 घंटे में फर्जी डिग्री/मार्कशीट बनाने वाले गैंग का भंडाफोड़ — 240 फर्जी डिग्री/मार्कशीट, 04 लैपटॉप, ₹10,500 नकद, 09 मोबाइल व 01 वैन्यू कार सहित 05 अभियुक्त गिरफ्तार

*अवगत कराना है कि दिनाँक 27.10.2025 को वादी श्री अश्वनी कुमार पुत्र कँवर सिंह निवासी गोविन्दनगर थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर द्वारा थाना उपस्थित आकर एक लिखित तहरीर बाबत अभियुक्तगण 1.रिंकू कुमार पुत्र श्री सोमनाथ सिंह निवासी ग्राम खुर्द, जनता रोड सहारनपुर 2. जसबीर उर्फ काला निवासी ग्राम हरपाल सहारनपुर व अन्य व्यक्ति नाम पता अज्ञात द्वारा धोखाधडी करके फर्जी तरीके से वादी से मार्कशीट दिलाने के बहाने 70,000/- रुपये ले लेना तथा फर्जी तथा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर एक फर्जी मार्कशीट दे देना तथा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध मे थाना सदर बाजार पर मु0अ0सं0 606/25 धारा 420/467/ 468/471/120बी/ 504/506 भादवि पंजीकृत कराया गया था।*

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा तत्काल उपरोक्त अभियोग का संज्ञान लेते हुए अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आदेश निर्देश दिए, आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री कपिल देव के कुशल नेतृत्व मे आज दिनांक 28.10.2025 को थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियोग पंजीकृत होने के मात्र 12 घण्टे में मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्तगण* ***1. पर्वत कुमार पुत्र राजपाल सिंह निवासी ग्राम अजोता थाना दौराला जनपद मेरठ 2.रिंकू कुमार पुत्र सोमनाथ नि0 ग्राम खुर्द जनता रोड थाना जनकपुरी जिला सहारनपुर 3.सिद्धार्थ शंकर पुत्र राजवीर सिंह नि0 331/16 रामनगर गली नं0 4 थाना कंकरखेडा जनपद मेरठ 4.जसवीर सिंह उर्फ काला पुत्र जयपाल सिंह नि0 ग्राम हरपाल निकट रविदास मंदिर के पास थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर 5.अक्षय देव पुत्र धर्मेंद्र नि0 ग्राम चांदसमंद थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर*** *को छोटी रेलवे लाईन कोटे की दुकान के सामने से चैकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 240 फर्जी डिग्री/मार्कशीट, 04 लैपटाप, 10,500/- रूपये, 09 मोबाइल, 01 वैन्यू कार (बिना नम्बर प्लेट) बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्तगणो के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है*

***<u>पूछताछ का विवरणः-</u>*** *गिरफ्तार अभियुक्तगणो ने पूछताछ के दौरान बताया कि हम लोगो का एक गैंग है। जिसमे हम सभी लोग शामिल है। हम सभी गिरोह बनाकर लोगो द्वारा स्कूल/कालिजो मे प्रवेश दिलाने की आड मे फर्जी डिग्री/मार्कशीट तैयार कराकर बेरोजगार एवं भोलेभाले बच्चो को षडयन्त्र के तहत अपने झांसे मे लेकर उनसे मोटी रकम लेकर बिना परीक्षा दिये यह जानते हुए कि वह मार्कशीट/डिग्री कूटरचित व फर्जी है, दे देते है। औऱ उन लोगो से अच्छी खासी रकम भी ऐंठ लेते है। हम लोगो द्वारा अपने अन्य साथी जो लखनऊ दिल्ली व मेरठ /नागालैण्ड उत्तराखण्ड आदि जगहो पर फर्जी डिग्री/मार्कशीट बनवाने की सैटिंग रखते है, की मदद से कूटरचित डिग्री/मार्कशीट तैयार कराकर जरूरतमंद विधार्थियो को कोर्स के हिसाब से तीस हजार रूपये से साढे चार लाख रूपये तक वसूल लेते है। दो दिन से हम सभी लोग आपस मे मीटिंग करने के लिये सहारनपुर आये हुए थे। पुलिस द्वारा हमे पकड़ लिया गया।*

***गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –***

1. *पर्वत कुमार पुत्र राजपाल सिंह नि0 ग्राम अजोता थाना दौराला जनपद मेरठ*
2. *रिंकू कुमार पुत्र सोमनाथ नि0 ग्राम खुर्द जनता रोड थाना जनकपुरी जिला सहारनपुर*
3. *सिद्धार्थ शंकर पुत्र राजवीर सिंह नि0 331/16 रामनगर गली नं0 4 थाना कंकरखेडा जनपद मेरठ*
4. *जसवीर सिंह उर्फ काला पुत्र जयपाल सिंह नि0 ग्राम हरपाल निकट रविदास मंदिर थाना रामपुर मनि0, स0पुर*
5. *अक्षय देव पुत्र धर्मेंद्र नि0 ग्राम चांदसमंद थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर*

***बरामदगी का विवरण –***

- *240 फर्जी डिग्री/मार्कशीट*
- *04 लैपटाप*
- *10,500/- रूपये*
- *09 मोबाइल फोन*
- *01 वैन्यू कार*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–***

1. *उ0नि0 श्री बबलू कुमार थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर*
2. *उ0नि0 श्री रविन्द्र सिंह थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर*
3. *उ0नि0 श्री सुशील कुमार थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर*
4. *उ0नि0 श्री अमरीश कुमार थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर*
5. *उ0नि0 श्री अनिल कुमार थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर*
6. *है0का0 850 सचिन कुमार थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर*
7. *है0का0 विपिन कौशिक थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर*
8. *है0का0 67 कुलदेव थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर*
9. *है0का0660 कपिल कुमार थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर*
10. *का0 अंकित कुमार थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर*
11. *का0 460 सोनू कुमार थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर*
12. *का0 385 सुशील कुमार थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर*
13. *है0का0 सोनू कौशिक सर्विलांस सैल जनपद सहारनपुर*
14. *है0का0 मोहित कुमार सर्विलांस सैल जनपद सहारनपुर*

दिनांक- 28.10.2025

-प्रेस नोट-

**“ऑपरेशन सवेरा”**

“नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर”

## थाना फतेहपुर पुलिस की कार्यवाही में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला 01 शातिर नशा तस्कर/अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से कुल 160 ग्राम अवैध चरस बरामद

*अवगत कराना है कि श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर द्वारा परिक्षेत्र सहारनपुर में मादक पदार्थों / नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंन्धित दवाओं की तस्करी, बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतु परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदो में* ***“ऑपरेशन सवेरा” – “नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर”*** *अभियान चलाया जा रहा है। व* ***शासन द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान*** *के अन्तर्गत नशा तस्करो के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने हेतू आदेशित किया गया है।*

*इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष श्री विनय शर्मा के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा दिनांक 27.10.2025 को 01 अभियुक्त* **शाहनबाज उर्फ काला पुत्र दाऊद निवासी ग्राम फरकपुर नवादा थाना फतहेपुर जनपद सहारनपुर** *को ग्राम भोगपुर से ग्राम कंधेला जाने वाली सडक से ग्राम माजरी की ओर जाने वाले खंडजे से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से कुल 160 ग्राम अवैध चरस बरामद हुयी। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना फतेहपुर पर मु0अ0सं0- 297/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय समक्ष के पेश किया जा रहा है।*

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –**

*शाहनबाज उर्फ काला पुत्र दाऊद निवासी ग्राम फरकपुर नवादा थाना फतहेपुर जनपद सहारनपुर।*

**बरामदगी का विवरण**

- *160 ग्राम अवैध चरस*

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. *थानाध्यक्ष श्री विनय शर्मा थाना फतेहपुर सहारनपुर।*
2. *उ0नि0 विजय सिंह थाना फतेहपुर सहारनपुर।*
3. *हे0का0 1035 ललित कुमार थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर।*

-प्रेस नोट-

दिनांक- 28.10.2025

# *थाना बिहारीगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई — 01 शराब तस्कर गिरफ्तार, 30 पाउच अवैध देशी शराब बरामद*

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक **सहारनपुर** के कुशल निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा क्षेत्राधिकारी **बेहट** के पर्यवेक्षण में अवैध शराब की बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बिहारीगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।*

*दिनांक **27.10.2025** को थाना बिहारीगढ़ पुलिस टीम द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान **ग्राम टाण्डा मानसिंह** की ओर जाने वाले मार्ग से एक अभियुक्त **नवाब पुत्र शौकत निवासी ग्राम पांजराना, थाना बेहट, जनपद सहारनपुर** को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से **30 पाउच देशी शराब "महबूबा मार्का"** बरामद किए गए। पूछताछ में अभियुक्त ने अवैध शराब की बिक्री में संलिप्तता स्वीकार की।*
*इस संबंध में थाना बिहारीगढ़ पर **मु0अ0सं0 145/25 धारा 60 आबकारी अधिनियम** के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।*

---

***गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-***
*नवाब पुत्र शौकत निवासी ग्राम पांजराना, थाना बेहट, जनपद सहारनपुर ।*

***बरामदगी का विवरण :***
*30 पाउच देशी शराब "महबूबा मार्का"*

---

***गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम :***
1. ***थानाध्यक्ष श्री अक्षय शर्मा**, थाना बिहारीगढ़, जनपद सहारनपुर*
2. ***उ0नि0 अभिषेक कुशवाहा**, थाना बिहारीगढ़, जनपद सहारनपुर*
3. ***का0 1557 गौरव पंवार**, थाना बिहारीगढ़, जनपद सहारनपुर*
4. ***का0 2383 राहुल कुमार**, थाना बिहारीगढ़, जनपद सहारनपुर*

-प्रेस नोट-

दिनांक 28.10.2025

# ***थाना मण्डी पुलिस द्वारा शराब की तस्करी करने वाले एक अभियुक्त को 22 पव्वे (टेट्रा पैक) देशी शराब के साथ किया गया गिरफ्तार***

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अवैध शराब व नशीले पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक श्री **रोजन्त त्यागी** के कुशल नेतृत्व में थाना मण्डी पुलिस टीम को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।*

*आज दिनांक **28.10.2025** को थाना मण्डी पुलिस टीम द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान **कृष्णानगर तिकोना पार्क** के पास से एक अभियुक्त को अवैध देशी शराब के साथ अभियुक्त **दानिश पुत्र हाशिम निवासी सईद कालोनी, निकट बागी जन्नत मस्जिद, खाताखेड़ी, थाना मण्डी, जनपद सहारनपुर** को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से **22 पव्वे (टेट्रा पैक) "ग्रैंड मस्ती देशी शराब मसाला (U.P.)"** (प्रत्येक टैट्रा पैक में 200 एम.एल.) बरामद किए गए। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना मण्डी पर मु.अ.सं. **445/25**, धारा **60 Excise Act** के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

---

***गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-***

*दानिश पुत्र हाशिम नि0 सईद कालोनी, निकट बागी जन्नत मस्जिद, खाताखेड़ी, थाना मण्डी, जनपद सहारनपुर ।*

***गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम –***

1. *उ0नि0 **अमित प्रसाद**, थाना मण्डी, जनपद सहारनपुर ।*
2. *हे0का0 **कमल कौशिक,** थाना मण्डी, जनपद सहारनपुर ।*
3. *हे0का0 **सुनील राणा,** थाना मण्डी, जनपद सहारनपुर ।*

-प्रेस नोट-

दिनांक–28.10.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहानरपुर उत्तर प्रदेश

## देवबन्द,सहारनपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही चोरी करने वाले सक्रिय संगठित गिरोह का कराया गैंग पंजीकरण

➢ जनपद सहारनपुर पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण की दिशा में एक और निर्णायक कदम

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक **सहारनपुर** द्वारा संगठित अपराधियो पर प्रभावी कार्यावाही करने के सम्बन्ध मे आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गये। आदेश के क्रम मे पुलिस अधीक्षक तथा (ग्रामीण) क्षेत्राधिकारी **देवबंद** के निकट प्रयवेक्षण मे थाना प्रभारी देवबन्द श्री नरेन्द्र शर्मा द्वारा चोरी की *चोरी की घटनाओं में संलिप्त एक सक्रिय संगठित गिरोह"* को गैग पंजीकृत कर सूचीबद्ध किया गया है।

थाना प्रभारी **देवबंद** द्वारा प्रस्तुत आख्या में इस गिरोह के आपराधिक इतिहास एवं गतिविधियों का संज्ञान लेते हुए पाया गया कि गिरोह के सदस्य निरंतर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं और स्थानीय क्षेत्र में भय का वातावरण उत्पन्न कर रहे हैं। सम्यक विचारोपरांत उक्त गिरोह को **"चोरी गैंग"** के रूप में *जनपद स्तरीय गैंग कोड D-106/2025* प्रदान कर **आधिकारिक रूप से पंजीकृत किया गया है।**

**गैंग का परिचय एवं सदस्य विवरण —**

1. **अजीम पुत्र अख्तर**, निवासी मौ. पठानपुरा, कस्बा एवं थाना देवबंद, जिला सहारनपुर *(गैंग लीडर)*
2. **शहनवाज पुत्र हनीफ**, निवासी मौ. नेचलगढ़, कस्बा एवं थाना देवबंद, जिला सहारनपुर *(सदस्य)*
3. **साफवान पुत्र आरिफ**, निवासी भायला रोड, निकट नगर पालिका नेचलगढ़, हालपता पठानपुरा, थाना देवबंद, जिला सहारनपुर *(सदस्य)*

***गैगलीडर अजीम पुत्र अख्तर, निवासी मौ. पठानपुरा, कस्बा एवं थाना देवबंद, जिला सहारनपुर का आपराधिक इतिहास-***

1. मु0अ0स0 286/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना देवबन्द, सहारनपुर
2. मु०अ०स० 287/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना देवबन्द, सहारनपुर
3. मु0अ0स0 288/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना देवबन्द, सहारनपुर
4. मु0अ0स0 289/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना देवबन्द, सहारनपुर
5. मु०अ०स० 293/25 धारा 109(1)/111,3(5),317(2),317(5),318(4),336(2) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म एक्ट थाना देवबन्द, सहारनपुर
6. मु0अ0स0 8656/25 धारा 305 (B)/317(2) बीएनएस थाना मन्दिर मार्ग न्यू दिल्ली

## गैग सदस्य साफवान व शहनवाज उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0स0 286/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना देवबन्द, सहारनपुर
2. मु०अ०स० 287/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना देवबन्द, सहारनपुर
3. मु0अ0स0 288/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना देवबन्द, सहारनपुर
4. मु0अ0स0 289/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना देवबन्द, सहारनपुर
5. मु०अ०स० 293/25 धारा 109(1)/111,3(5),317(2),317(5),318(4),336(2) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म एक्ट थाना देवबन्द, सहारनपुर

## पुलिस की कार्रवाई एवं निर्देश —

थाना प्रभारी **देवबंद** को निर्देशित किया गया है कि इस गैंग को अपने *गैंग रजिस्टर* में अंकित करें तथा गैंग के सदस्यों की गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखें। साथ ही गैंग की *अधतन स्थिति एवं की गई कार्यवाही* की रिपोर्ट नियमित रूप से *वाचक कार्यालय* एवं *डीसीआरबी* को प्रेषित करें।

## पुलिस का संकल्प — "अपराध मुक्त सहारनपुर"

जनपद सहारनपुर पुलिस आम नागरिकों को यह आश्वस्त करती है कि अपराध एवं आपराधिक तत्वों के विरुद्ध अभियान सतत जारी रहेगा। कानून-व्यवस्था के साथ समझौता करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

**दिनांक: 28.10.2025**

**-प्रेस नोट-**

# *थाना मण्डी पुलिस की कार्रवाई — नाजायज चाकू सहित एक शातिर अभियुक्त गिरफ्तार*

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक **रोजन्त त्यागी** के कुशल नेतृत्व में थाना **कोतवाली मण्डी पुलिस टीम** द्वारा एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है।*

*आज दिनांक **28.10.2025** को गश्त एवं चेकिंग के दौरान थाना कोतवाली मण्डी पुलिस टीम ने **कमेला कॉलोनी** से एक शातिर अभियुक्त **कलीम पुत्र सलीम**, निवासी मौ० हाकमशा कॉलोनी, निकट हाजी मख्खी के रठान के पास, थाना कुतुबशेर, जनपद सहारनपुर को **एक नाजायज चाकू** के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के आधार पर थाना कोतवाली मण्डी पर **मु.अ.सं. 447/2025**, धारा **4/25 आर्म्स एक्ट** में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है तथा उसे समय से मा० न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।*

*पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह **नशे का आदी** है तथा नशे की पूर्ति के लिए लोगों को **चाकू दिखाकर डराता और पैसे ऐंठता** था।*

---

***गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –***

*कलीम पुत्र सलीम निवासी मौ० हाकमशा कॉलोनी, निकट हाजी मख्खी के रठान के पास, थाना कुतुबशेर, जनपद सहारनपुर*

***बरामदगी का विवरण –***

- *01 नाजायज चाकू*

---

***गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम –***

1. *उ0नि0 **सतीश कुमार**, थाना कोतवाली मण्डी, सहारनपुर।*
2. *का0 **500 विकल सोम**, थाना कोतवाली मण्डी, सहारनपुर।*

**दिनांक –28.10.2025**

**-प्रेस नोट-**

# *थाना रामपुर मनिहारान पुलिस की प्रभावी कार्रवाई — वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, हुंडई ओरा कार बरामद*

***वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना*** *रामपुर मनिहारान पुलिस* ***को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।***

*पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक* ***श्री सतेन्द्र सिंह*** *के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक* ***28.10.2025*** *को मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर थाना रामपुर मनिहारान पुलिस टीम द्वारा* ***थाना रामपुर मनिहारान पर पंजीकृत मु.अ.सं. 522/2025 धारा 109/115(2)/281 बी.एन.एस.*** *में वांछित अभियुक्त* ***नीरज कुमार पुत्र राजकुमार****, निवासी मकान संख्या 418/7, नई बस्ती, बहादुरगढ़, थाना लाइनपार, जिला झज्जर (हरियाणा) को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक* ***हुंडई ओरा कार (रजिस्ट्रेशन नंबर HR-13-S-7768)*** *बरामद की गई। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक* ***विधिक कार्यवाही*** *की जा रही है तथा उसे* ***मा० न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।***

*गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –*
*नीरज कुमार पुत्र राजकुमार निवासी मकान संख्या 418/7, नई बस्ती, बहादुरगढ़, थाना लाइनपार, जिला झज्जर, हरियाणा*

*बरामदगी का विवरण –*

- *01 हुंडई ओरा कार, रजिस्ट्रेशन नंबर* ***HR-13-S-7768***

*गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम –*

1. *उ0नि0* ***श्री ललित कुमार****, थाना रामपुर मनिहारान, जनपद सहारनपुर।*
2. *का0* ***95 विक्रान्त****, थाना रामपुर मनिहारान, जनपद सहारनपुर।*
3. *है0का0* ***1287 अनुज कुमार****, थाना रामपुर मनिहारान, जनपद सहारनपुर।*

-प्रेस नोट-

# “ऑपरेशन सवेरा”

“नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर”

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना कुतुबशेर सहारनपुर पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 01 शातिर नशा तस्कर/अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 19 ग्राम स्मैक तथा 09 ग्राम कट बरामद

श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर द्वारा परिक्षेत्र सहारनपुर में मादक पदार्थों /नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंन्धित दवाओं की तस्करी,बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतू परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदो में **“ऑपरेशन सवेरा”–“नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर”** अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर एंव क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री एच0एन0 सिंह के कुशल नेतृत्व में दिनांक 28.10.2025 को गश्त व चैकिग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व रोकथाम जुर्म जरायम के दौरान थाना कुतुबशेर पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 01शातिर नशा तस्कर/अभियुक्त **मेहरबान पुत्र शहीद नि0 एकता कालोनी थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर** को आम वाली नहर की पटरी पर पटाखा फैक्ट्री के पीछे खेत से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 19 ग्राम स्मैक व 09 ग्राम कट बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना कुतुबशेर पर मु0अ0सं0 436/2025 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट के पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

- मेहरबान पुत्र शहीद निवासी एकता कालोनी थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर

**बरामदगी -**

- 19 ग्राम स्मैक व 09 ग्राम कट

**गिरफ्तार अभियुक्त मेहरबान का आपराधिक इतिहास –**

1- मु0अ0सं0 331/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।

2- मु0अ0सं0 88/23 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का विवरण-**

1. उ0नि0 श्री भुपेश शर्मा थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर
2. है0का0 12 अंकुश गोदारा थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
3. है0का0 1270 अमित कुमार थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
4. है0का0 639 मुकेश कुमार थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
5. है0का0 31 सुभाष थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।

दिनांकः 28.10.2025

-प्रेस नोट-

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के मुकदमें में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना मे प्रयुक्त 01 चाकू बरामद

*अवगत कराना है कि दिनांक 27.10.25 को वादी की लिखित तहरीर बाबत अभियुक्त अनस पुत्र युनुस निवासी दानिश कालोनी थाना को0 देहात जनपद सहारनपुर के द्वारा वादी के पिता की मोटर साईकिल मे टक्कर मारना व चाकू से वार कर घायल कर देने के सम्बंध मे थाना कोतवाली देहात पर मु0अ0स0 552/25 धारा 281/109(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।*

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सुबे सिह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 28.10.25 को थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित* ***अभियुक्त अनस पुत्र युनुस निवासी दानिश कालोनी थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर*** *को सकलापुरी रोड से गिरफ्तार किया गया अभियुक्त के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त 01 अवैध चाकू बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

***अभियुक्त के नाम व पताः-***

*अभियुक्त अनस पुत्र युनुस निवासी दानिश कालोनी थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-***

*1. उ0नि0 श्री राजुकमार थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।*

*2. का0 1487 जयकुमार थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।*

*3. का0 1716 अनुज कुमार थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।*

-प्रेस नोट-

**दिनांक 28.10.2025**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर द्वारा राजपत्रित अधिकारियो की साप्ताहिक अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित — क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम श्री मुनीश चन्द्र को उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया

आज दिनांक **28.10.2025** को **कैम्प कार्यालय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर** में **श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर महोदय** की अध्यक्षता में *जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों की साप्ताहिक गोष्ठी* आयोजित की गई।

इस गोष्ठी में पुलिस कार्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने, जनसुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी करने के उद्देश्य से **12 एजेंडा बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा** की गई, जिनमें प्रमुख रूप से —

**1- एसआईटी अभियोगों की समीक्षा**
**2 -आकस्मिक निरीक्षण पुस्तिकाओं की जांच**
**3- यातायात व्यवस्था का मूल्यांकन**
**4- धारा 126/135 बीएनएसएस कार्यवाही की समीक्षा**
**5- शत्रु संपत्ति से संबंधित प्रकरणों का परीक्षण**
**6- जातीय बोर्ड/होर्डिंग्स की स्थिति का अवलोकन**
**7- प्रचलित अभियानों की प्रगति की समीक्षा**
**8-अभियोजन कार्यों की मॉनिटरिंग सैल द्वारा समीक्षा**
**9- चोरी/लूटे गए मोबाइल फोन की बरामदगी का विश्लेषण (सर्विलांस सेल)**
**10- जेल से रिहा अभियुक्तों का सत्यापन (चौकी जेल इंचार्ज)**
**11- IGOT प्रशिक्षण की समीक्षा (यातायात उपाधीक्षक)**
**12- CCTNS पोर्टल पर जघन्य अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की स्थिति की समीक्षा**

गोष्ठी के दौरान *प्रत्येक क्षेत्राधिकारी के कार्यों का मूल्यांकन अंकों के आधार पर किया गया*, जिसमें **क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम श्री मुनीश चन्द्र** ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए **कुल 1000 में से 695 अंक** प्राप्त कर **प्रथम स्थान** प्राप्त किया।

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर** द्वारा उनके इस उत्कृष्ट कार्य हेतु **सम्मान स्वरूप प्रथम स्थान की सील्ड प्रदान की गई।**

- ***"कर्मनिष्ठ अधिकारी ही उत्कृष्ट पुलिसिंग की पहचान हैं।"***
- ***सहारनपुर पुलिस — जनता के विश्वास की प्रहरी।***

-प्रेस नोट-

दिनांकः 28-10-2025

## ***थाना नानौता पुलिस की सराहनीय एवं मानवीय कार्यवाही थाना नानौता मिशन शक्ति एवं एण्टी रोमियो टीम की शानदार पहल - परिवार से बिछड़े 03 वर्षीय बच्चे को मात्र 02 घंटे में सकुशल परिजनों से मिलवाया***

*अवगत कराना है कि दिनांक **28.10.2025** को थाना नानौता की **एण्टी रोमियो / मिशन शक्ति टीम** को बाजार गश्त के दौरान **गंगोह रोड** पर एक करीब **03 वर्षीय बच्चा** लावारिस अवस्था में घूमता हुआ मिला। बच्चे को अपने परिजनों का नाम-पता बताने में कठिनाई हो रही थी।*

*टीम ने तत्परता दिखाते हुए बच्चे के परिजनों की तलाश प्रारंभ की **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर** के निर्देशन में एवं **पुलिस अधीक्षक ग्रामीण** तथा **क्षेत्राधिकारी गंगोह** के निकट पर्यवेक्षण में **प्रभारी निरीक्षक श्री नवीन कुमार सैनी** के कुशल नेतृत्व में चलाए जा रहे **ऑपरेशन मुस्कान** एवं **मिशन शक्ति फेज-5.0** के अंतर्गत टीम ने मात्र **02 घंटे के भीतर** बच्चे के परिजनों की पहचान कर उसे **सकुशल सुपुर्द** कर दिया*

---

*बरामदगी में शामिल पुलिस टीम:-*

1. ***प्रभारी निरीक्षक:** श्री नवीन कुमार सैनी*
2. ***महिला उप निरीक्षक:** राधा चौहान*
3. ***हेड कांस्टेबल:** 823 नीरज*
4. ***महिला हेड कांस्टेबल:** 571 पायल*

---

*क्षेत्रवासियों ने थाना नानौता पुलिस की **मानवीय संवेदना, तत्परता एवं कुशल कार्यशैली** की भूरी-भूरी प्रशंसा की सभी ने बच्चे को उसके परिवार से मिलवाने के इस **संवेदनशील प्रयास** के लिए टीम का धन्यवाद एवं सराहना व्यक्त की*

दिनांक: 28-10-2025

-प्रेस नोट-

मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

# थाना बडगाँव पुलिस द्वारा महिलाओं एवं लड़कियों पर अश्लील फब्तियां कसने वाले 01 मनचले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में **महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन** हेतु संचालित **"मिशन शक्ति 5.0"** अभियान तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी देवबंद के निकट पर्यवेक्षण एवं **प्रभारी निरीक्षक श्री रमेश चंद्र सिंह** के कुशल नेतृत्व में थाना बडगाँव पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।*

*दिनांक **28.10.2025** को थाना बडगाँव पुलिस टीम द्वारा **ग्राम जडौदा पाण्डा स्थित जूड धाम मंदिर तिराहा** पर आने-जाने वाली महिलाओं एवं लड़कियों पर अश्लील फब्तियां कसने वाले **मनचले अभियुक्त गुलफाम पुत्र वहीद निवासी ग्राम अम्बेहटा मोहन, थाना बडगाँव, जनपद सहारनपुर** को मौके से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के संबंध में थाना बडगाँव पर **मु.अ.सं. 237/25, धारा 296 BNS** के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।*

*गौरतलब है कि उक्त अभियुक्त **मु.अ.सं. 236/25, धारा 74/351(3) BNS** में भी **वांछित** चल रहा था, जिसमें पीड़िता (एक आशा वर्कर) द्वारा तहरीर दी गई थी कि दिनांक 26.10.2025 को टीकाकरण कार्य हेतु जाते समय तकिया वाली मस्जिद के पास उक्त अभियुक्त ने उसके साथ **छेड़छाड़ की एवं जान से मारने की धमकी दी**। उक्त मामले में अभियोग पूर्व में थाना बडगाँव पर पंजीकृत किया जा चुका है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध **आवश्यक विधिक कार्यवाही** कर समय से माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

---

***गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –***

*गुलफाम पुत्र वहीद निवासी ग्राम अम्बेहटा मोहन, थाना बडगाँव, जनपद सहारनपुर।*

---

***गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम –***

1. *श्री **रमेश चंद्र सिंह**, प्रभारी निरीक्षक, थाना बडगाँव, सहारनपुर।*
2. *म0उ0नि0 **दीक्षा**, थाना बडगाँव सहारनपुर।*
3. *उ0नि0 **बचन सिंह अत्री**, थाना बडगाँव सहारनपुर।*
4. *हे0का0 **594 मौ0 आबिद**, थाना बडगाँव सहारनपुर।*
5. *म0हे0का0 **1222 मीनू**, थाना बडगाँव सहारनपुर।*
6. *म0का0 **79 संगीता**, थाना बडगाँव सहारनपुर।*

दिनांक: 28-10-2025

-प्रेस नोट-

मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला जागरूकता कार्यक्रम — थाना देवबंद, सहारनपुर

*➡️आज दिनांक 28.10.2025 को थाना देवबंद, जनपद सहारनपुर में मिशन शक्ति अभियान एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के तहत महिलाओं व छात्राओं को जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।*

कार्यक्रम के दौरान एंटी रोमियो टीम द्वारा उपस्थित महिलाओं व छात्राओं को
वूमेन हेल्पलाइन नंबर – 1090,
इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर – 112,
साइबर हेल्पलाइन नंबर – 1930, तथा अन्य सरकारी महिला कल्याणकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही, उपस्थित महिलाओं की समस्याओं एवं सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना गया, तथा उन्हें सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य समाज में महिलाओं व बालिकाओं के प्रति सम्मानजनक वातावरण सृजित करना एवं उन्हें सशक्त, सुरक्षित व आत्मविश्वासी बनाना है।

_*सहारनपुर पुलिस — महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए संकल्पित।*_

-प्रेस नोट-

दिनांक: **28-10-2025**

# *□ थाना तीतरों पुलिस द्वारा साइबर सुरक्षा एवं मिशन शक्ति जागरूकता अभियान □*

** ➡□आज दिनांक 27.10.2025 को थाना तीतरों पुलिस टीम द्वारा कस्बा तीतरों के मेन मार्केट, बस अड्डा एवं विद्यालयों के आस-पास महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया।**

*इस अभियान का नेतृत्व निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में एंटी रोमियो प्रभारी उ0नि0 अवनि उपाध्याय एवं का0 दिव्यांशु द्वारा किया गया।*

*कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व छात्राओं को —*

*□ साइबर अपराधों से बचाव के उपायों,*

*□ ऑनलाइन ठगी, फ्रॉड एवं साइबर क्राइम से सुरक्षा के तरीकों,*

*तथा सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई —*

*□ 1930 – साइबर हेल्पलाइन*

*□ 1090 – वूमेन पावर लाइन*

*□ 112 – पुलिस इमरजेंसी हेल्पलाइन*

*□ 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन*

*_*महिलाओं एवं छात्राओं को मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत स्वयं की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता एवं जागरूक नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान जागरूकता पंपलेट भी वितरित किए गए।*_*

दिनांक: 28-10-2025

-प्रेस नोट-

मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

# *थाना गंगोह पुलिस द्वारा मिशन शक्ति एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान*

*➡☐आज दिनांक 28.10.2025 को थाना गंगोह पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराध जागरूकता अभियान चलाया गया।**

*अभियान का संचालन एंटी रोमियो टीम की महिला उपनिरीक्षक वर्षा कुशवाह, महिला कांस्टेबल शीतल, महिला हेड कांस्टेबल कोमल, तथा चालक पुष्पेन्द्र द्वारा किया गया।*

*मिशन शक्ति पुलिस टीम ने ग्राम रंधेड़ी, बाबा भूमरादेव मंदिर एवं मेला स्थल, लखनौती चौराहा, मेन मार्केट, बस अड्डा तथा ब्लॉक गंगोह क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, महिलाओं एवं छात्राओं से संवाद स्थापित कर उन्हें साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया।*

*कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को बताया गया कि —*
*☐ 1930 – साइबर हेल्पलाइन नंबर*
*☐ 1090 – वूमेन पावर लाइन*
*☐ 112 – पुलिस इमरजेंसी हेल्पलाइन*
*☐ 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर पर किसी भी आपात स्थिति या अपराध की सूचना तुरंत दी जा सकती है।*

*इसके साथ ही साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया सुरक्षा आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।*

**दिनांक: 28-10-2025**

-प्रेस नोट-

***□ महिला सशक्तिकरण एवं साइबर सुरक्षा की ओर कदम — थाना नकुड पुलिस का सराहनीय प्रयास □***

*➡□मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के तहत ग्राम जलालपुर में जागरूकता चौपाल आयोजित*

*➡□आज दिनांक 28/10/2025 को थाना नकुड, जनपद सहारनपुर की एंटी रोमियो टीम द्वारा महिला सशक्तिकरण अभियान "मिशन शक्ति फेज 5.0" एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के अंतर्गत ग्राम जलालपुर में एक जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया।*

*इस अवसर पर महिला उपनिरीक्षक सिमरन कमलेश एवं महिला उपनिरीक्षक कोमल पवार ने उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे* —

□ विधवा पेंशन योजना

□ मुख्यमंत्री सुमंगला योजना

□ बाल कल्याण योजनाएं

के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम के दौरान टीम ने बाल श्रम न कराने, गुड टच-बैड टच की पहचान, एवं साइबर अपराधों से सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद किया।

महिलाओं को सतर्क रहने के लिए निम्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई —

□ 1090 – वूमेन पावर लाइन

□ 1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

□ 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन

□ 1930 – साइबर अपराध हेल्पलाइन

□ 108 – एम्बुलेंस सेवा

□ 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

*साथ ही, डिजिटल अरेस्ट, फ्रॉड कॉल, फिशिंग लिंक, एवं ऑनलाइन ठगी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।टीम ने साइबर सुरक्षा के आसान उपाय समझाते हुए बताया कि “थोड़ी सी सावधानी, बड़े अपराधों से सुरक्षा का कवच बन सकती है।”*

*“थाना नकुड पुलिस आपकी सेवा में सदैव तत्पर है।”*

दिनांक: 28-10-2025

-प्रेस नोट-

मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

**□ थाना सरसावा पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत सराहनीय कार्य □**

*आज दिनांक 28/10/2025 को श्रीमान थानाध्यक्ष सजीव कुमार के नेतृत्व में थाना सरसावा की एंटी रोमियो/मिशन शक्ति टीम द्वारा क्षेत्र में संचालित प्रमुख बैंकों का निरीक्षण किया गया।*

निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा निम्नलिखित बैंकों की जांच की गई —

1□ SBI बैंक

2□ PNB बैंक

3□ Canara बैंक

4□ UP प्राथमिक ग्रामीण बैंक

5□ HDFC बैंक

6□ पंजाब एंड सिंध बैंक

7□ बैंक ऑफ इंडिया

8□ सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया

बैंक परिसरों एवं आसपास के क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर आवश्यक चेतावनी दी गई।

*साथ ही, उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को “मिशन शक्ति फेज 5.0” तथा साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत निम्न विषयों पर जानकारी दी गई —*

☐ डिजिटल अरेस्टिंग व साइबर फ्रॉड से बचाव के उपाय

☐ महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन से जुड़ी योजनाएं

☐ बालिकाओं के अधिकार, सुरक्षा एवं संरक्षण से संबंधित जानकारी

☐ सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं एवं बाल कल्याण कार्यक्रमों की जानकारी

*कार्यक्रम के दौरान टीम द्वारा साइबर अपराधों से सतर्क रहने के उपाय समझाए गए तथा महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई —*

☐ 1090 – वूमेन पावर लाइन

☐ 1930 – साइबर अपराध हेल्पलाइन

☐ 108 – एंबुलेंस सेवा

☐ 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

*इसके अतिरिक्त, उपस्थित नागरिकों के बीच जागरूकता संबंधी पंपलेट भी वितरित किए गए।*

*अभियान का उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं को सशक्त, सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें साइबर अपराधों के प्रति सजग और सतर्क करना है।*

*“आपकी सुरक्षा, हमारा संकल्प – थाना सरसावा सदैव आपकी सेवा में तत्पर है*

दिनांक: 28-10-2025

-प्रेस नोट-

